प्रो0 (जी. के. द्विवेदी)
परीक्षा नियन्त्रक

उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ, प्रयागराज– 211021
मोबाइल – 7525048009, 7525048012

पत्रांक : ओ. यू./परीक्षा/796 /2026 दिनांक : 13/03/2026

# सूचना

एतद्द्वारा माननीय कुलपति जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा जून – 2026 की परीक्षा में सम्मलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म भरने, अधिन्यास, परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) जमा करने एवं पूर्व की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्रों को परीक्षा फार्म भरने की तिथियों का विवरण निम्नवत हैः–

| क्र. सं. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम वर्ष, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा सभी कार्यक्रमों के परीक्षार्थियों द्वारा अध्ययन केन्द्रों पर अधिन्यास तथा परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) जमा करने की अन्तिम तिथि | 31 मार्च 2026 |
| 2 | परीक्षार्थियों द्वारा अध्ययन केन्द्रों पर परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) जमा करने की अन्तिम तिथि | 15 अप्रैल 2026 |
| 3 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा अधिन्यास मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर अंकों को पोर्टल पर टंकित करने की अन्तिम तिथि (प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष) | 10 अप्रैल 2026 |
| 4 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भ होने की तिथि ( प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) | 11 अप्रैल 2026 |
| 5 | सभी वर्ष तथा सभी कार्यक्रमों के परीक्षार्थियों एवं पूर्व की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक प्रस्तावित तिथि (परीक्षार्थियों को 150/– प्रति प्रश्न पत्र का भुगतान करते हुए परीक्षा फार्म भरना है।) | 05 अप्रैल 2026 |
| 6 | नियमित परीक्षार्थियों एवं पूर्व की परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि ( प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) | 20 अप्रैल 2026 |
| 7 | अन्तिम तिथि 20 अप्रैल 2026 से परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि तक **(विलम्ब शुल्क 1200/–रूपया तथा परीक्षा शुल्क 150/– प्रति प्रश्न पत्र सभी परीक्षार्थियों हेतु)** | 25 अप्रैल 2026 |
| 8 | परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरान्त परीक्षा फार्म भरने की दशा में **(विलम्ब शुल्क 2500/–रूपया तथा परीक्षा शुल्क 150/– प्रति प्रश्न पत्र सभी परीक्षार्थियों हेतु तथा इसकी सूचना coe@uprtou.ac.in पर अविलम्ब प्रेषित कर दें।)** | परीक्षा पर्यनत (सम्बन्धित प्रश्न पत्र की परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व) |
| 9 | सत्रांत परीक्षा जून – 2026 की परीक्षा का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करने की प्रस्तावित तिथि **(जिन प्रश्न पत्रों का अधिन्यास अंक अध्ययन केन्द्रों द्वारा विश्वविद्यालय को आन लाइन प्रेषित किया जायेगा तथा छात्रों द्वारा परीक्षा शुल्क 150/– प्रति प्रश्न पत्र जमा किया गया होगा उन्ही प्रश्न पत्रों का प्रवेश पत्र निर्गत किया जायेगा।)** | परीक्षा प्रारम्भ होने से एक सप्ताह पूर्व |
| 10 | परीक्षा प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि | 05 मई 2026 |
| 11 | अध्ययन केन्द्रों द्वारा परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट) को परीक्षा विभाग में प्रेषित करने की प्रस्तावित तिथि | 25 अप्रैल 2026 |

सभी अध्ययन केन्द्र समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि सत्रान्त परीक्षा जून - 2026 के सापेक्ष प्राप्त अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करा कर अंकों को अपने पैनल पर आनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करते रहें। अन्तिम तिथि के पश्चात् अधिन्यास पैनल बन्द कर दिया जायेगा। **यह भी सूचित किया जाता है कि अन्तिम तिथि के पश्चात् आफलाइन अधिन्यास जमा नहीं किया जायेगा।**

विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा जून – 2026 की परीक्षा में सम्मलित होने वाले सम्बन्धित परीक्षार्थियों को उन्ही प्रश्न पत्रों के सापेक्ष प्रवेश पत्र निर्गत किये जायेंगे, जिसका अधिन्यास उत्तर पुस्तिका उन्होंने अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा की होगी तथा जिनका मूल्यांकन करा कर अध्ययन केन्द्र द्वारा अंक विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक आन लाइन उपलब्ध कराये जायेगें।

**नोट :– अधिन्यास जमा न होने की स्थिति में प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।**

परीक्षा नियंत्रक

पृ. संख्या ओ. यू./ /2026 तद्‌दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. नोटिस बोर्ड, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
2. प्रभारी, तकनीकि प्रकोष्ठ को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल UPLOAD करवाने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय समन्वयक, गोरखपुर/लखनऊ/वाराणसी/बरेली/प्रयागराज/आगरा/गाजियाबाद मेरठ/झांसी/कानपुर/अयोध्या/बलिया क्षेत्रीय केन्द्र, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले सभी अध्ययन केन्द्रों को उक्त सूचना अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. समस्त विद्याशाखा के निदेशकगण/पुस्तकालयाध्यक्ष/समस्त प्रभारी उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ प्रभारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
6. प्रवेश प्रभारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
7. निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
8. प्रभारी, सामग्री मुद्रण एवं वितरण प्रकोष्ठ, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
9. निदेशक CIQA, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
10. वित्त अधिकारी, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
11. कुलसचिव, उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
12. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक